The Blind and other Physically Handicapped Persons (Rehabilitation, Employment and Welfare) Bill, 2007

श्री एस.एस. अहलुवालिया (झारखंड): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि देश में दृष्टिहीनों और अन्य शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए पुनर्वास, नौकरियों में आरक्षण और अन्य कल्याणकारी उपायों और तत्संबंधी मामलों का उपबंध करने के लिए एक विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the motion was adopted.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूँ।

The Freedom of Childhood Bill, 2007

श्री एस.एस. अहलुवालिया (झारखंड): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि नियमित शिक्षा के लिए पाँच वर्ष से कम आयु के बालक के प्रवेश, जिसके कारण विषाद और अन्य व्याधियाँ उत्पन्न होती हैं, के माध्यम से बालक को अपनी बाल्यावस्था का आनंद लेने, पाँच वर्ष से अधिक परन्तु पंद्रह वर्ष से कम आयु के बालकों का कार्यभार कम करने, ऐसे बालकों के लिए गृह कार्य दिए जाने पर प्रतिबंध लगाकर, ताकि वे खेल सकें और आनंद ले सकें, उन्हें शिक्षा के लिए विद्यालय जाने की पूर्ण स्वतंत्रता का उपबंध करने और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए एक विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the motion was adopted.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूँ।

The Maintenance of Uninterrupted Power Supply to Industries of Backward States Bill, 2007

श्री एस.एस. अहलुवालिया (झारखंड): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि केन्द्रीय सरकार द्वारा देश के औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े राज्यों का समग्र औद्योगिक विकास सुनिश्चित करने के लिए ऐसे राज्यों में काम कर रही औद्योगिक इकाइयों के लिए विद्युत की अविच्छिन्न आपूर्ति बनाए रखने तथा तत्संबंधी विषयों का उपबंध करने के लिए एक विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the motion was adopted.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूँ।

The Compulsory Voting and Prohibition of Pre-Poll Survey and Exit Poll of Elections Bill, 2004

SHRI V. NARAYANASAMY (Puducherry): Sir, I move:

> "That the Bill to provide for compulsory voting by the voters in an election called for by the Election Commission and to prohibit pre-poll survey and exit poll by various agencies and on their printing, publication and telecasting through the print and electronic media so as to remove the confusion of the electorate and for matters connected therewith and incidental thereto, be taken into consideration".

I seek the indulgence of this House in getting this Bill passed. Sir, the Compulsory Voting and Prohibition of Pre-Poll Survey and Exit Poll of Elections Bill, 2004 is in two parts. The first part is about compulsory voting of the voters in this country and the second part is about prohibiting pre-poll survey and exit poll. Sir, the clauses 3,4,5 and 6 of the Bill are very important. In clause 3, I have mentioned, "Notwithstanding anything contained in the Representation of People Act, 1951 or any other law for the time being in force, it shall be compulsory for every voter whose name figures in the electoral roll to vote in an election when called for by the Election Commission in an election to the Lok Sabha or State Legislature, as the case may be". Then, Sir, that proviso is exempted under clause 4. "Notwithstanding the provisions contained in section 3, a voter may be exempted from compulsorily exercising his right to vote if;—

> he is physically incapable of voting due to illness or physical infirmity or unable to move and produces a medical certificate from a registered practitioner of medicine certifying such capacity of the voter; or the Election Commission or any other authority empowered by the Election Commission, on receipt of a request either before or after the poll from the voter, is satisfied that there are genuine and bona fide grounds for such exemption."

[THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN) in the Chair]

This is for exemption. On prohibition on pre-poll survey and exit poll, I seek the indulgence of this House. They have to be prevented by the Election Commission by passing this Bill.

"The conducting of pre-poll survey, exit-poll, assessment of voters views and telecasting through the electronic media or publishing or printing through the print media of such survey, exit poll or voters' views during any election to Lok Sabha or Legislative Assembly of a State in any part of the country from the date of notification issued for such elections till the election process is over..."

The contravention provision, the punishment, has been provided in Clause 6 of the Bill.

Sir, in this august House as also in the other House and in various State Legislatures, the issue of compulsory voting was discussed. Sir, there are 33 countries in the world where compulsory voting is a must. Australia, Belgium, and there are several other countries where the percentage of voting is 98 or 99 per cent. But in our country, our experience is different.

Let me quote the recently held election in Uttar Pradesh. The election was conducted in seven phases. In that election, out of 114 million voters, only 50 million voted. About 44 per cent voters used their franchise. The remaining voters did not turn up to the polling booth.

Sir, today, in our country, we find the opinion makers, the people who are living in the urban areas, the so-called intellectuals, the people who talk politics sitting in their verandas, and the leaders issuing Press statements. They do not go to polling booth to vote. They feel shy of standing in the queue of the polling booth, waiting for some time, to exercise their franchise. But it is the poor people, the people living

in the villages, whose percentage of voting is 90-98 per cent. In this country, the leaders who live in the urban areas, who are enjoying all the facilities provided by the Government, who claim that they are the persons who decide the fate of the country, they are hardly about 10-15 per cent. They try to decide the destiny of the nation. They use the print and electronic media to criticise the Government, to criticise the candidates, and to criticise the political parties. But they do not go to polling booth to use their franchise. Sir, I find that this is injustice; it is against democracy. In a democratic society, the voter has got a right to elect a government of his or her choice. When these persons, who have given the voting right, do not exercise their right to vote, the destiny of the nation cannot be decided. Sir, I will give a small example of France. Some months back, there was an election there. Voting was made compulsory by the Government there. There, any person who has been elected, if he gets more than 51 per cent votes, he is declared as the President of the country. There were four candidates in the fray in the first election. In that, the difference between the first and the second candidates was about 12 per cent. Because no candidate got 51 per cent votes, what they did was the elimination process and third and fourth candidates were removed. Then, there was another-election within the period of fifteen days. Total polling was 98.5 per cent. People went and voted in the polling booth. In that, the first candidate got 57 per cent and second candidate got about 42 per cent. There was no invalid vote. Therefore, in a true democracy, the majority view of the people has to prevail. As I quoted earlier the Uttar Pradesh elections, total voters who voted in the election were only 44 per cent. Out of which, the political party which got only 21 per cent votes, is now ruling the State. That being the situation, whether we are really experimenting with the democratic polity in this country. Yes, in our country, there is a system of national political parties, State political parties, recognised political parties, etc. The system is there in our country. But, even then, a device or a method has to be worked out by the Government that voting should be made compulsory.

Sir, in Belgium, if a voter fails to vote in two or three elections, he is defranchised. They are not even allowed to get their citizenship. In Australia, the social security that has been given to the people, but is removed by the Government in the case of people who do not go and vote. Sir, in our country, we say that the rural people are uneducated, but, they are conscious of their rights. Because of the campaign of the political parties, they are going and voting. Yes, one can say, "I have a right not to vote." No. One cannot say, "I have got a right not to vote." It is a right that has been given to you under the Constitution, under democratic principle. You will have to elect your representative and for electing a representative, you should exercise your franchise in such a way that you are electing the right person. Why are we giving the voting right to you? I will go a step further and say that after the election is held and the person who is elected becomes an MLA or a Minister or a Member of Parliament, the person who did not go to the polling booth to vote, he criticises him so much more than the person who went to the polling booth to vote. Sir, this is the situation that we find in our country. Sir, we are not under dictatorship. We cannot coerce people. But, the people have to be conscious of their right and they should exercise their right. I would like to say that. I saw several arguments in favour that the person should not be forced to go and vote or he should not be compelled to go and vote. It is not the question of compelling a person to go to vote; it is only a question that the person should exercise his franchise, exercise his right, exercise

his democratic right. Therefore, Sir, I urge upon the hon. Minister because the hon. Minister for Law...*(Interruptions)*...

SHRI RUDRA NARAYAN PANY (Orissa): He is not listening. ...*(Interruptions)*...

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI H. R. BHARDWAJ): I am taking note of it. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. NARAYANASAMY: Mr. Pany, I don't need your support. Sir, in countries like Argentina, Australia, Brazil, Belgium, Fiji, Greece, Mexico, Singapore and Switzerland, voting has been made compulsory. There are some countries where compulsory voting is not enforced and the action that has been taken by them is very, very important because it is not only about defranchising the person. Sir, in Bolivia, the system is, if a person does not go and exercise his franchise, his three months' salary is withdrawn from the bank. Banks are withdrawing the salary of the person if he is not giving his franchise. Therefore, the question of compulsory voting is a debatable point. In our country, we find that a true elected representative is a person who gets majority votes of the total voters enrolled there. Now, the Election Commission is spending enormous money in giving identity cards to use it for the purpose of election. In spite of that, when the people don't cast their vote, it creates a very bad impression. Sometimes, we are also feeling that when the majority of population is not going for voting when the Government has declared the day of voting as a holiday, it sends a very wrong signal. Instead of going for voting, the people stay at home and enjoy the holiday. That is not fair. A voting right given to a person in a democracy cannot be misused, cannot be used against the interest of the country. Therefore, Sir, there should be a serious thinking on this issue. The Election Commission, from time to time, issues guidelines on this issue. But, the Election Commission cannot do anything. Nowadays, the Election Commission has also become *hi-fi*. They only issue guidelines., but the same cannot be enforced. We have seen in the recent times that sometimes, the Election Commission goes beyond its brief. They very often go beyond the briefing given to them and the powers vested with them. Therefore, I want the hon. Minister to have a serious thinking on the issue because I know, this is a matter which has to be decided by the hon. Minister by taking the political parties into confidence. Apart from that, the Government has to form a view how the idea of compulsory voting can be enforced. I know that there are a lot of difficulties in enforcing it. I visualise that and I understand that. While enforcing it, you can enforce it well in the rural areas, but in the urban areas, it will be difficult for you because the salaried class people, the industrialists, the so-called opinion-makers whom I refer to, they will not allow the Government to enforce this particular provision of compulsory voting. Therefore, Sir, I want the hon. Minister to consider this aspect seriously as to how it can be enforced. This system is prevalent not only in our country, but also in other countries. In the United States, in the last presidential election, President Bush was elected by 0.87 per cent votes. By having 0.87 per cent votes, he became the President of the country. Therefore, Sir, in a democracy, the compulsory voting is a must because I feel from my side that the people who enjoy the democratic rights, the people who are getting the social security, the people who are enjoying the benefits given by the elected Government, they should go and vote and elect their own representatives. And unless and until it is done, true democracy will not flourish in this country. Otherwise, people who get 20 per cent votes or 21 per cent votes,

they get elected as Members of Parliament, members of the Legislative Assembly because the polling is very low. Therefore, this issue has to be considered very seriously by the Government. The UPA Government is implementing various good measures, whether it is in the field of agriculture, industry, education, health, and in the field of election reforms also, it is one of the major steps which the Government of India has to take...*(Interruptions)*... You may not agree with me. But, I have to express my views. Sir, I would like to quote one of the senior Members of this House who was a former Chief Election Commissioner, Dr. M.S. Gill, he gave a very good interview in Chandigarh in 1994. I went through the interview about compulsory voting, exit polls and pre-polls. He supported the Government on this issue that it should be made by the Government, the exit polls, the pre-polls and so on. He was very candid in saying that it should be done by the Government. Therefore, Sir, I want the hon. Minister, as far as the compulsory voting is concerned, to consult the provisions which I have mentioned.

Coming to the second aspect of pre-poll/exit poll surveys, it is a very controversial provision. There, it is said, "Under article 19(1), immediately the media will say that they have got certain powers. The freedom of press that has been given to them should not be infringed." On the other side, Sir, in various States, the elections are being held in several phases. Even for the Parliament, it is held in several phases. The opinion of the people can be formed by publishing them in the print media, and also in the electronic media. Now, the electronic media has become so powerful that about ninety or ninety-five per cent of the people even in the rural areas see TV, and also read the newspapers and form their opinion. In the year 1997, the Election Commission held a meeting with all the political parties, and the leaders of various political parties, irrespective of their national party or regional party, came to a conclusion and gave it to the Election Commission that the pre-poll survey/exit poll should not be done; they should be banned, and only after the elections are over, they should be published. The Election Commission, in 1998, issued the guidelines. When the guidelines were issued by the Election Commission, it quoted the Press Council of India, and also the notings of its Chairman, Mr. B.P. Sawant. Mr. B.P. Sawant, who was the Chairman of the Press Council of India, emphasised on the self-imposed discipline for the media. He clearly stated: "Pre-poll survey/exist poll is going to pre-determine the mind of the voter. There will be an influence on the voters in their decision-making if it is published 24 or 48 hours before the election is held." Then, it was challenged by the media before the court. And, thereafter, they said that the Election Commission has no power to regulate the exit poll and pre-poll surveys. Then arose the question of the Representation of the People Act. In Section 126 of the Representation of the People Act, it has been very clearly mentioned that within 48 hours before the elections, any kind of campaign in the electronic media, and also in the newspapers, has to be stopped, including the public meetings. It has been made very clear to that effect. When it was quoted, the Government of India gave its opinion before the Supreme Court that elections are going even now. The Government of India said that there is no regulatory mechanism; there is no prohibition; at present, there is no law enforcing prohibition of pre-poll survey/exit poll by the media. That was the version given by the Government of India. I would like to know from the hon. Law Minister, when all the political parties agreed, and when even the Election Commission also agreed with them, why these pre-poll surveys and exit poll are not banned. When it is unanimously agreed by the political

parties and also by the Election Commission, why doesn't he bring a Bill for that purpose? Sir, so many pre-poll surveys we have seen; so many exit poll surveys we have seen. Some of them were misleading. Some of the pre-poll surveys/exit polls were misleading. We found during the last Parliament elections, when Ahluwalia's party was saying: "India is shining", and they were also saying that they would come back to power...*(Interruptions)*... The survey was also showing that NDA would come back to power. The ultimate result was otherwise. The UPA came to power and they were misled by the pre-poll survey and exit poll. ...*(Interruptions)*...

श्री रुद्रनारायण पाणि: आप इस प्रकार से गैर जिम्मेदार बात मत कहिए। यूपीए चुनाव नहीं लड़ रहा था। बिहार के चुनाव में यूपीए लड़ रहा था। ...**(व्यवधान)**..

श्री उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): पाणि जी, आप बैठिए ...**(व्यवधान)**....

श्री धर्म पाल सभ्रवाल (पंजाब): ये इंडिया शाइनिंग करवा रहे थे। ...**(व्यवधान)**....

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No. Mr. Narayansamy, you please continue.

SHRI V. NARAYANASAMY: I know how much money you had spent in the last General Elections. If you want, I will explain in full detail the money that your party had spent on publicity alone, whether it was electronic media or the print media. Our friend, who was a very senior Member of this House, late Pramod Mahajan, knew it. When the "India shining" campaign started, the media started saying that the NDA would get 250 seats and all those things, and ultimately it came down to less than 120 seats. Therefore, the exit poll and the pre-poll survey, according to me, influence the voters. Whatever campaign has to be carried out by the political parties giving their party policies...*(Interruptions)*...

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY (Andhra Pradesh): It is self-contradictory. He says that the campaign started with "India shining". ...*(Interruptions)*...

SHRI V. NARAYANASAMY: Let me complete. ...*(Interruptions)*... Let me complete. ...*(Interruptions)*...

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: He said, "India shining", but they lost. It is the other way round. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. NARAYANASAMY: It is not self-contradictory. I am coming to that. They misled the people in different for a by spending huge money. That is what I want to say. ...*(Interruptions)*...

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: People were not misled.

SHRI V. NARAYANASAMY: No. The people were not misled. Even in the UP elections, what had they done? In the UP elections, they said that this party would get 150 seats and that party would get 120 seats. These were the survey reports published by the media. Now, the point is very simple. The voters should not be influenced. The media give out the projection. It has to be seen whether that has been done in a scientific way or not. There are several media. There are several surveys which have been done by several organisations. It has to be seen whether they have done it in a scientific way or not. Even an error of one or two per cent

would shift more than 50 or 60 seats in State elections and even in the elections to the Parliament. Therefore, why is this kind of misleading pre-poll survey and exit poll by the media allowed? It prejudices the mind of the voters. I would like to stress this point here.

I would like to submit that the hon. Minister is a very senior Minister. The hon. Minister has dealt with several cases like this and he also knows the solution. While with drawing the Bill, I have to request him to come forward with some solution. My point is that all the political parties, National and State, and the Election Commission agree that pre-survey polls and exit polls should be banned. That is on the one side. On the other side, the Election Commission had already issued instructions and guidelines. But they had been struck down by the court saying that it had no powers. The Government of India says that there is no provision in the Act to prevent or prohibit pre-poll survey and exit poll. Let me mention one incident. One of the electronic media went to the court. When the Election Commission filed a criminal case against them, they went to the Court and said that the Election Commission had no powers.

There should be free and fair elections. Everybody wants that. It is the duty of the Election Commission to see to it that the election is free and fair. The Government of India wants that there should be free and fair elections and the voters' mind should not be prejudiced. When the electronic media publish that a particular political party is gaining in the pre-poll survey or exit poll, it will get a minimum of five per cent shift in its favour. The human psychology is like that. Therefore, I want the hon. Minister to consider it. If you want free and fair elections, when you are prohibiting public meetings, when you are prohibiting propaganda, when you are prohibiting the people from going and asking for votes 48 hours before the election, why do you allow these things to happen?

There is another peculiar situation. When the election is held in four or five phases—in UP, it was held in seven phases—they publish the pre-poll survey and exit poll after the first phase. It affects the second phase and the third phase. This prejudices the mind of the voter also Therefore, if you want the democratic norms to be followed in this country and the voter participates in the election process with free and fair mind, the exit poll and the pre-poll survey should be prohibited and banned. In some countries, it has been banned. There is a blanket ban on pre-poll survey and exit poll in certain countries. Sir, the media also cannot escape under the garb of free press and free media. The right of the voter has to be protected. There should be reasonable restrictions by the Government on the Fourth Estate. How would you know whether the media was influenced by a political party? The media can be influenced by a political party by various means in order to give its version in favour of that political party. This is a very serious matter. Both these points, that is, compulsory voting and ban on pre-poll survey and exit poll are in the interest of the nation. We have discussed this issue several times in this House and in the other House. There should be some serious thinking on that. I would request the Minister to discuss it with all the political parties to arrive at some kind of a consensus on compulsory voting and also prohibiting exit poll and pre-poll survey. Almost all the parties are in favour of it. The Election Commission knows about it. The former Election Commissioner, Dr. M.S. Gill, who is sitting here, will enlighten us more on this issue. I would request the hon. Minister to consider all these aspects. It is a very

important Bill for the purpose of free and fair elections and for upholding the democratic values in this country. The person who exercises his franchise, should do it in a free and fair manner. The hon. Minister should consider this Bill in a positive manner I know the hon. Minister is a progressive person. I hope he will agree to the points which will be made by the hon. Members. He can take it up with the Cabinet.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Don't you want the House to pass this Bill? It is for the House to consider this Bill.

SHRI V. NARAYANASAMY: Until and unless the Minister considers this Bill, the House cannot consider it. First the Minister has to consider it.

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM (Tamil Nadu): Sir, he has not asked for the support of the House.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Narayanasamy, you are the Mover of the Bill and the House has to pass this Bill, not the Minister.

SHRI V. NARAYANASAMY: I can understand it. The Minister comes first and the House comes later.

SHRI S.S. AHLUWALIA (Jharkhand): No.

SHRI V. NARAYANASAMY: I have to convince the, Minister first.

SHRI S.S. AHLUWALIA: No.

SHRI V. NARAYANASAMY: That is my view. You cannot impose your views on me.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Narayanasamy, please conclude because you will get time for reply also.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, I am concluding. Clause 6 (a) says, "Whoever contravenes the provisions of section 3 shall be liable to a fine which shall not be less than five thousand rupees but which may extend to ten thousand rupees or imprisonment for one week or with both." This is in regard to compulsory voting. Clause 6 (b) says, "Contravenes the provisions of section 5 shall be punishable with imprisonment for a term which shall not be less than one year but which may extend to three years and also with fine which shall not be less than one lakh rupees but which may extend to five lakh rupees and the registration or licence given to such organisation or agency under any law for the time being in force, shall be revoked". So, I have added the penal provision also because there are penal provisions in force, so far as compulsory voting is concerned, in other countries. I want the hon. Minister to seriously consider the matter of prohibition or ban on pre-poll surveys or exit polls, as also compulsory voting. Sir, it is a very genuine problem that has been raised by political parties, based on our practical experience.

I request the House to approve the Bill and pass it unanimously.

The question was proposed.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे विद्वान मित्र श्री वी. नारायणसामी द्वारा राज्य सभा में 17 दिसम्बर, 2004 को पुरःस्थापित किया हुआ विधेयक जो चर्चा के लिए अब प्राईवेट मेम्बर डिसकशन में आया है, अनिवार्य मतदान और मतदान पूर्व तथा पश्चात् सर्वेक्षण का प्रतिषेध विधेयक, 2004 पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। महोदय, हमारे विद्वान साथी ने बहुत सारे उदाहरण दिए हैं और उदाहरण देते वक्त उन्होंने सबसे बड़ी बात कही कि विश्व के 33 देशों में कम्पलसरी वोटिंग सिस्टम है और कम्पलसरी वोटिंग में अगर एक बार, दो बार, तीन बार एक वोटर वोट नहीं डालता है, तो उसके साथ क्या-क्या punitive action हो सकते हैं, उसके बारे में भी उन्होंने उल्लेख किया है। मैं अपने विद्वान मित्र को सिर्फ एक चीज बताना चाहता हूं कि वह वास्तविकता से दूर न भागें। उन्होंने जिन देशों का उल्लेख किया है, उन सारे देशों की जनसंख्या हमारे शायद एक जिले या दो जिले से भी कम है और उसमें ज्यादातर राष्ट्र ऐसे हैं, जो डेवलेप्ड कंट्री कहलाते हैं। जहां रोजी–रोटी या रोटी, कपड़ा और मकान की चिंता नहीं है, उसको सरकार देखती है। हम एक ऐसे राष्ट्र में रहते हैं, जहां की जनसंख्या 2001 की सेंसस के अनुसार एक अरब दो करोड़ 87 लाख 37 हजार थी। यह संख्या दिन-प्रति-दिन बढ़ रही है। लोग कहते हैं कि हम एक साल एक आस्ट्रेलिया पैदा करते हैं, यह हमारे आंकड़े बताते हैं। इसके साथ-साथ हमारे जो टोटल वोटर्स की संख्या है, वह 67 करोड़ 14 लाख 87 हजार 930 है, जब लोक सभा के वर्ष 2004 के चुनाव हुए, उस वक्त यह संख्या थी।

महोदय, मेरे विद्वान मित्र को यह भी ज्ञात होगा कि हमारे यहां पोलिंग स्टेशन करीब 8 लाख हैं। आप जिन राष्ट्रों का उल्लेख कर रहे हैं, वे ये आंकड़े देखकर मूर्छित हो जायेंगे। आपने जो logic दिया है, उस logic को दूसरे तरीके से देखिए, मैं इससे पहले आपके logic की पुष्टि करने के लिए बताना चाहता हूं। आपने फ्रांस का उदाहरण दिया। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 1951 में हमारे वोटर्स की संख्या 17 करोड़ 32 लाख 12 हजार 343 थी। उस वक्त 10 करोड़ 59 लाख 5 हजार 83 लोगों ने वोट डाले थे। हमारे 1957 के दूसरे लोक सभा चुनावों में वोटर्स की संख्या 19 करोड़ 36 लाख 52 हजार 189 थी। वोट डालने वालों की संख्या 12 करोड़ 5 लाख 13 हजार 915 थी, अर्थात् 45.44 परसेंट। 1962 में बहुत से राज्यों में चुनाव नहीं हो सके, लोक सभा का चुनाव तो हुआ था, किन्तु केरल, मद्रास, मैसूर, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर और त्रिपुरा आदि का या तो नाम नहीं था या इनकी अवस्था नहीं थी या वहां वोट नहीं पड़े। उस वक्त का जो उल्लेख किया गया है कि टोटल वोटर्स की संख्या 12 करोड़ 77 लाख थी, जो 1957 से कम दिखाई गई थी क्योंकि वोटिंग नहीं हुई थी। उस वक्त 11 करोड़ 99 लाख 4 हजार 284 लोगों ने वोट डाले थे। इसी तरह 1967 में 24 करोड़ 89 लाख 4 हजार 3 सौ वोटर्स थे और 15 करोड़ 27 लाख लोगों ने वोट डाले थे। आप लोगों को बड़ा आश्चर्य हो रहा होगा कि मैं ये आंकडे क्यों बता रहा हूं, मैं ये आंकड़े इसलिए बता रहा हूं कि जो कुछ हम लोग यहां पर बोलते हैं, वह डाक्युमेंटेड होता है। आने वाले भविष्य में अगर कोई आदमी इस चीज को पढ़कर जानना चाहता है तो उसको ये चीजें पता होनी चाहिए। 1971 में 27 करोड़ 48 लाख 89 हजार 132 वोटर्स थे और 15 करोड़ 15 लाख 36 हजार 802 वोट पड़े थे। महोदय, 1977 के इलैक्शन को रिवोल्युशनरी इलैक्शन कहते हैं, क्योंकि इसमें 32 करोड़ 11 लाख 74 हजार 327 वोटर्स थे और 19 करोड़ 42 लाख 63 हजार 915 वोट पड़े थे। 1980 में 35 करोड़ 62 लाख 5 हजार 329 वोटर्स थे और 20 करोड़ 27 लाख 52 हजार 893 वोट पड़े थे। यह पहली बार देखा गया कि 56.93 वोट पड़े। यह स्थिति 1980 की है, जब

5.00 P.M.

हम 1977 के बाद वापस लौटे थे। 1977 में 60.49 परसेंट वोट पड़े थे, मैक्सिमम 1977 में और उसके बाद 1980 में वोट पड़े थे। 1984 में 37 करोड़ 95 लाख 40 हजार 608 वोट पड़े थे। उस वक्त 1984 में मैक्सिमम 63.56 परसेंट वोट पड़ा था, इन्दिरा जी की हत्या होने के बाद जो चुनाव हुआ था, मैं उसका उल्लेख कर रहा हूं। इसमें पंजाब और आसाम उल्लेखित नहीं हैं। उनको छोड़कर के 24 करोड़ 12 लाख 46 हजार 887 वोट पड़े थे। 1989 में 49 करोड़ 89 लाख 6 हजार 129 वोटर्स थे और 61.95 परसेंट वोट पड़े थे और फिर एक गैर कांग्रेसी सरकार बनी थी। उस टाइम भी 61.95 परसेंट वोट पड़े। 30,90,50,459 थे। 1991 में टोटल वोटर थे 49,83,00,000 वोट पड़े थे, 56.73% अर्थात् 34,33,00,000. 1998 में 60,58,00,000 लाख वोटर थे, वोट पड़े थे 61.97% अर्थात् 37,54,41,000. 1999 में 61,95,00,000 वोटर थे, वोट पड़े थे, 59.99% अर्थात् 37,16,00,000 और 2004 में टोटल वोटर थे 67,14,87,000 और वोट परसेंट थी 58.07%, उसकी संख्या थी 38,99,48,330.

महोदय, मेरे कहने का यह आशय था कि ये सारे आंकड़े देखकर एक बात समझ आती है कि आजाद भारत से आज तक जो वोट की संख्या पड़ी है वह चालीस परसेंट से लेकर बासठ परसेंट तक पड़ी है। हमारे विद्वान साथी नारायणसामी जी कह रहे हैं कि हमें फ्रांस की परंपरा अपना लेनी चाहिए। फ्रांस की परंपरा यह है कि वहां टू राउंड इलेक्शन सिस्टम है। टू राउंड इलेक्शन सिस्टम के लिए अगर चार लोग खड़े हैं तो उसमें जिसको 50% + 1 वोट मिलता है, वह डिक्लेयर हो जाता है। वह इलेक्टिड हो जाता है। अगर किसी को भी 50% + 1 नहीं मिलता है तो उसका रीकाउंटिंग पर रीइलेक्शन होता है। उस वक्त नीचे वाली तीन चार संख्या को काट दिया जाता है। पहले दो का वोट होता है। यह दूसरे या तीसरे दिन ही हो जाता है। यह परंपरा अपने आप में वहीं पर संभव है, जहां पर जनसंख्या कम है। हमारे आठ लाख पोलिंग बूथ में करीब 25% पोलिंग बूथ ऐसे हैं जहां पर बैलेट पेपर्स हाथी, घोड़े, पैदल या जंगलों से जाकर पहुंचाने पड़ते हैं। हवाई जहाज, हेलीकॉप्टर से भेजने पडते हैं, मार्ग नहीं है जाने के लिए। अगर बारिश हो रही हो तो पहुंच ही नहीं सकता। वोटर क्या पहुंचेगा, वहां प्रिसाइडिंग ऑफीसर नहीं पहुंच सकता है। पोलिंग ऑफीसर नहीं पहुंच सकता, बैलेट बक्सा नहीं पहुंच सकता, बैलेट पेपर्स नहीं पहुंच सकते हैं, आपकी ई.वी.एम. मशीन नहीं पहुंच सकती। मैं यह नहीं कहता कि मैं इन कारणों से आपके विधेयक का विरोध करता हूं। मैं आपके विधेयक का समर्थन करता हूं, परंतु केवल इसलिए यदि आपकी सोच दूसरी हो। अगर आप वाकई इस विधेयक को पास कराना चाहते हैं तो पहले अपनी सोच दूसरी हो। अगर आप वाकई इस विधेयक को पास कराना चाहते हैं तो पहले अपनी सोच में बदलाव लाइए। सोच क्या है? सोच है कि अगर राष्ट्र को आगे बढ़ाना है, प्रगति के पथ पर ले जाना है तो सबसे पहले जो वोट बैंक की राजनीति है उसे खत्म करना होगा। वोट बैंक की राजनीति खत्म करने का सबसे बढ़िया रास्ता और कोई नहीं है। आज की डेट में क्या है? आज की डेट में हम वोट बैंक की राजनीति में किसी एक पर्टिकुलर सेक्शन को इन्फ्लुएंट करते हैं, उसे भड़काते हैं। वे भड़काते हैं और वह भड़क जाता है। वह भड़क जाता है और खेमों में बँट जाता है। जब वह खेमों में बँटता है, तो वह दृढ़ संकल्प होकर कहता है कि मुझे इस पार्टी को लाना है ...**(व्यवधान)**... सभ्रवाल जी, जब आपका नम्बर आएगा, आप बोल लेना ...**(व्यवधान)**... आपकी आवाज मुझे सुनाई पड़ रही है ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): अहलुवालिया जी, आप बोलिए।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: आपकी आवाज मुझ तक आई, इसलिए मैंने बोला। मैंने इलेक्शन लड़ा या नहीं लड़ा, शायद आपको नहीं पता, आप मेरा बायो डाटा अच्छी तरह पढ़ लें, फिर आपको पता लग जाएगा।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please don't make facial expressions.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: महोदय, जो sectarian politics है, जो हमने धर्म के नाम पर, जिसको so-called communal politics कहा जाता है, धर्मनिरपेक्षता के नाम पर, जिसको so-called secularism कहा जाता है और caste के नाम पर, जहाँ पर हमने घेराबन्दी करके कि इस caste का candidate होगा और इस caste का MLA, MP बनेगा और इस caste का Chief Minister या Prime Minister बनेगा, यह सोच लेकर जो चल रहे हैं, तो हम जब आगे बढ़ना चाहते हैं, यह हमको पीछे की तरफ खींचता है।

शायद मेरे विद्वान मित्र एक चीज़ और भूल गए। इसमें संशोधन ही करना था, तो एक संशोधन और भी करना चाहिए था। Compulsory voting तो हो, किन्तु simultaneous voting हो, पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक एक ही बार वोटिंग हो, term fix हो, पाँच साल के लिए चुन कर आए हो, तो पाँच साल तक सरकार चलानी पड़ेगी। आस्ट्रेलिया का उदाहरण देते वक्त उन्होंने यह बात नहीं कही कि जब आस्ट्रेलिया में चुने जाते हैं, जब मैनिफेस्टो जारी होता है, तो वहाँ पर कहना पड़ता है कि अगर आप लोगों को कुछ रियायतें दे रहे हैं, तो आप उसका पैसा कहाँ से लाएंगे। किसी ने कह दिया कि बिजली free दूँगा, किसी ने कह दिया कि मकान free दूँगा, किसी ने कह दिया कि दो रुपए किलो चावल दूँगा, किसी ने कह दिया कि टीवी free दूँगा, किसी ने कह दिया कि केबल free दूँगा, किसी ने कह दिया कि मंगलसूत्र free दूँगा। पैसा कहाँ से आता है? यह पैसा कहाँ से आ रहा है? यह राष्ट्र के कोष से आता है। वह राष्ट्र का कोष कहाँ से बनता है? यह टैक्स पेयर्स से बनता है। आपने कभी टैक्स पेयर्स की संख्या को गिन कर देखा। आपके राष्ट्र में एक अरब से ज्यादा लोग हैं, क्या टैक्स पेयर्स दो करोड़ से ज्यादा हुए हैं? क्या उनकी संख्या दो परसेंट से ज्यादा बढ़ गई? कभी आपने इसका उल्लेख किया कि एक लाख, दो लाख, पाँच लाख, दस लाख या पचास लाख कहने को तो किताबें रोज छपती हैं, मैगजींस रोज छपती हैं कि फलाँ आदमी का या फलाँ परिवार के फलाँ बेटे का नाम बिलियनर्स में आ गया। अभी 28 जून को अमेरिका में एक वेल्थ रिपोर्ट release की गई। उस वेल्थ रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले पाँच वर्षों में सबसे ज्यादा अमीरों की संख्या बढ़ी है, तो दो देशों में बढ़ी है - एक का नाम है सिंगापुर और दूसरे का नाम है भारत। पर मुझे तो गरीबों की संख्या ज्यादा लगती है। मैं तो देखता हूँ कि गरीब और ज्यादा गरीब होता जा रहा है। हाँ, कुछ अमीर रातों-रात बहुत अमीर हो गए हैं, यह जरूर दिखता है। कुछ लोगों के पास करोड़ होता था, अब अरबों हो गया है, यह भी दिखता है। पर उससे राष्ट्र को क्या लाभ है? मेरे कहने का मकसद यह था कि अगर गरीबी खत्म करनी है, अगर बेरोजगारी खत्म करनी है, अगर पिछड़ापन खत्म करना है, अगर हमारे राष्ट्र में regionalism को खत्म करना है, regionalism हुआ क्यों? Regionalism इसलिए हुआ कि जब कोई भी ताकतवर मिनिस्टर बना, तो उसने क्या किया, भले वहाँ आयरन ओर हो या नहीं हो, उसने कहा कि स्टील प्लांट हमारे इलाके में लगेगा। आयरन ओर एक हजार किलोमीटर से आएगा। कोयला 2 हजार किलोमीटर से आएगा, किन्तु स्टील प्लांट मेरे इलाके में लगना चाहिए, क्योंकि मैं दृढ़ प्रतिज्ञ हूँ, मैं अपने लोगों को नौकरी दिलाना चाहता हूँ।

हमारे पंजाब में इंडस्ट्री नहीं लग सकी। कहा जाता था कि पाकिस्तान के पड़ोस में रहते हैं, मिसाइल के टारगेट पर हैं, इसलिए वहाँ पब्लिक सेक्टर नहीं लग सकता। असम में पब्लिक सेक्टर नहीं लग सका। क्यों? तो कहा गया कि चीन के नजदीक हैं, बर्मा के नजदीक हैं, बांग्ला देश के नजदीक हैं, वे मिसाइल चला देंगे और हमारा पब्लिक सेक्टर डूब जाएगा, इसलिए नहीं लगेगा। क्यों नहीं लगेगा? आज तो कई देशों के पास 3-3 हजार किलोमीटर तक मार करने वाली मिसाइल्स हैं, लेकिन सोच हमारी वही है, क्यो? क्योंकि इन इलाकों से कोई ताकतवर लीडर उभरकर नहीं आया और इन इलाकों से उभर कर कोई नहीं आया, तो वह अपने राज्य के लिए कुछ ले नहीं जा सका। वहाँ पिछड़ापन है। शायद हमारे कुछ नेताओं को या कुछ पोलिटिकल पार्टीज़ को यही अच्छा लगता है कि समाज बँटा रहे। धर्म के नाम पर, धर्मनिरपेक्षता के नाम पर, जाति के नाम पर और क्षेत्रीयतावाद के नाम पर समाज बँटा रहे तथा हम राज करते रहें।

महोदय, मैं अपने विद्वान मित्र, नारायणसामी जी से पूछता हूँ कि क्या आप इस क्षेत्रीयतावाद को, इस धार्मिक उन्माद को, इस एक्स्ट्रीम सेक्यूलरिज़्म को और इस एक्सट्रीम कास्टिज़्म को खत्म करने के लिए कोई कम्पल्सरी बिल लाएँगे? कम्पल्सरी वोटिंग ही वह कंसिडरेशन है या कंसिडरेशन वे 33 देश हैं, जिनका कम्परिज़न भारत से नहीं हो सकता? अगर आपका यह विधेयक इसलिए है कि वाकई अगर किसी क्षेत्र में ब्राह्मण कम हैं, तो उनका कैंडिडेट कभी नहीं खड़ा हो सकता- न पंचायत में, न जिला परिषद में, न एम.एल.ए. में और न ही एम.पी. में, तब तो वह बेचारा मर गया! उसके लिए भगवान श्री कृष्ण के सुदामा की जगह ही रह गई। न भगवान कृष्ण आएँगे और न ही सुदामा का उद्धार होगा। पर अगर आप कम्पल्सरी वोटिंग कर दें, तो शायद उस वक्त किसी व्यभिचारी, दुराचारी या भ्रष्टाचारी का चुनाव नहीं होगा, बल्कि एक सदाचारी का चुनाव होगा। हो सकता है कि वह सदाचारी एक माइनॉरिटी ग्रुप में से आता हो, चाहे वह रिलीजियस माइनॉरिटी हो, चाहे वह लिंग्विस्टिक माइनॉरिटी हो या चाहे वह कास्ट माइनॉरिटी हो। हो सकता है कि उस में से एक सदाचारी आ जाए। तभी आप एक सम्पूर्ण, स्वच्छ भारत दे सकते है। किन्तु अगर आप सोचेंगे कि नहीं, हम एक सेक्टेरियन पॉलिटिक्स करें–मैं अगर उल्लेख करूँ कि अगर 44 परसेंट वोट पड़े हैं। मैं 44 परसेंट को एक नम्बर पकड़ता हूँ, suppose 1 करोड़। एक करोड़ में से एक पार्टिकुलर पार्टी को 40 परसेंट वोट पड़े हैं। तब इसका मतलब यह हुआ कि एक करोड़ में से 40 लाख वोट उसको पड़े और 60 लाख वोट उनको पड़े जो उसके खिलाफ खड़े हैं। इसका मतलब कि जो कैंडिडेट इलेक्ट हुआ, उसके खिलाफ मेजॅरिटी है। वह 40 लाख वोट लेने वाला कौन है? वे 40 लाख वोट किसको मिले हैं, जो एक अरब का देश है, उसमें? अगर आप कैलकुलेट करेंगे, ये सारे आँकड़े आप देखेंगे, तो पाएँगे कि 1951 से लेकर आज तक सिर्फ 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत मतदाताओं का या पोपुलेशन के 8 से 10 प्रतिशत का समर्थन प्राप्त करके हम इस राष्ट्र का भविष्य बनाते रहे हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि उसमें सिर्फ कांग्रेस ही है, उसमें मैं भी हूँ। हम भी हैं, सब जन मिल कर हैं। क्या यह अन्याय नहीं है कि 90 फीसदी लोगों की आकांक्षाओं, कल्पनाओं और सपनों के खिलाफ हम सिर्फ 10 प्रतिशत लोगों का, अर्थात् प्राणों का, भारतीयों का मत प्राप्त करके भारत का भविष्य लिखते हैं? हो सकता है कि उसके नीचे जो लोग हैं, जैसे आज 1 अरब में से 67 करोड़ मतदाता हैं, अर्थात् 67 परसेंट, किन्तु 33 परसेंट लोग जो हैं, वे मतदाता नहीं हैं, बच्चे हैं, आने वाले कल के भविष्य हैं। उनका भविष्य भी हम लिख रहे हैं। हो सकता है कि वे 17 साल के हों, 16 साल के हों या 15 साल के हों अथवा वोटर नहीं बन सके हों, बच्चे हों, किन्तु कल का भविष्य हम भी लिख रहे हैं, अर्थात्

टोटल पॉपुलेशन का 10 प्रतिशत मत प्राप्त करके हम अपने आने वाले भारत का भविष्य लिखते हैं। क्या यह सही है? अगर लाना ही है तो आज आमूल परिवर्तन की जरूरत है। आज हमारे टोटल सिस्टम में परिवर्तन लाने की जरूरत है।

आपने कहा कि pre poll और exit poll बंद होने चाहिए। महोदय, यह तो बिज़नेस है। आज आप कोई भी टीवी चैनल खोल लीजिए, आपको एक ही बात सुनाई देगी कि एसएमएस का नम्बर बताइए। चाहे कोई भी सवाल हो, रोज़ वहां पर पोल हो रहा है। आपसे अभी-अभी, खड़े-खड़े सवाल कर देंगे कि हंसराज भारद्वाज को कानून मंत्री रहना चाहिए या नहीं रहना चाहिए, इसके लिए एसएमएस करिए। हिन्दुस्तान में एसएमएस नम्बर यह होगा, यूके में यह होगा, अमरीका में यह होगा, आबु धाबी में या गल्फ में यह होगा और कल को या शाम को वह उसका उत्तर बता देंगे और इनको निकलवा देंगे। यहां कई लोग एसएमएस और इंटरनेट के चक्कर में बर्बाद हो गए हैं। इस तरह यह pre poll और exit poll है, और मैं तो यहां तक देखता हूं कि जो अपने आप को आज सो कॉल्ड सिफोलॉजिस्ट कहते हैं, कल तक वे हमारे साथ या हमारे बाद यूनिवर्सिटी में पास हुए थे और बेकार घूम रहे थे। सडनली देखा कि टीवी में वह चेहरा चमक रहा है और वह कास्ट कॉम्बिनेशन गिना रहा है। आप एक भी सिफोलॉजिस्ट ऐसा दिखाइए, जिसने यह एक्सप्लेन किया हो कि इतने भारतवासी हैं, जिन्होंने वोट डाला है। वे तो उनकी बात कर रहे हैं कि वहां पर इतने यादव हैं, इतने ओबीसी हैं, इतने मुस्लिम हैं, इतने हिन्दु हैं, इतने अगड़े हैं, इतने पिछड़े हैं या इतने अनुसूचित जाति के हैं। अरे भई, You are dividing the society. हमने इस सोसाइटी को डिवीज़न से बचाने के लिए कितने उपाय किए।

मैं सिक्ख धर्म से आता हूं। गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज ने पांच प्यारे बनाए। एक लाहौर से आया, एक मेरठ के पास, हस्तिनापुर से आया, एक गुजरात के द्वारका पुरी से आया, एक जगन्नाथपुरी से आया और एक बीदर से आया। वे पूरे भारत के पांचों कोनो से आए और इन पांचों में कोई भी फॉर्वर्ड क्लास का नहीं था, लेकिन उन्होंने हमको अपनी जाति लिखने से मना किया। आज मेरा जो टाइटल, अहलुवालिया है, यह मेरी जाति का पता नहीं बताता है, चूंकि मैं अहलु गांव का रहने वाला हूं, मेरे पूर्वज अहलु गांव के रहने वाले थे, इसलिए मेरा नाम सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया है। मेरी शक्ल सूरत से आप यह नहीं बता सकते कि मैं किस जाति का हूं। मेरी शक्ल से आप कह सकते हैं कि मैं राजपूत हूं, क्योंकि मैं गोरा-चिट्टा हूं, आप यह भी कह सकते हैं कि मैं ब्राह्मण हूं, आप कह सकते हैं कि मैं क्षत्रिय हूं, लेकिन इस चीज़ को कौन जानता है? हो सकता है कि मैं शेड्यूल्ड कास्ट हूं, हो सकता है कि मैं ओबीसी हूं। मैं इस नाम के गांव से आता हूं, इसलिए मेरा नाम यह है। गुरु गोबिन्द सिंह जी ने जाति–पांति की इस प्रथा को खत्म करने के लिए ही यह कदम उठाया था और यह कदम उठाने के पीछे कारण क्या था? ...**(व्यवधान)**...

श्री धर्म पाल सभ्रवालः मैं भी पंजाब से हूं ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): सभ्रवाल जी, प्लीज, आप बैठिए...**(व्यवधान)**... कोई भी इंटरफेयर नहीं करेगा ...**(व्यवधान)**...

श्री धर्म पाल सभ्रवालः गुरु गोबिन्द सिंह जी ने खालसा पंथ की नींव रखी थी। सिक्ख धर्म जो है, वह गुरु नानक देव जी ने शुरू किया था, इसलिए मैं आपको दुरुस्त करना चाहता हूं।

श्री उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): ठीक है, आप बैठिए...**(व्यवधान)**... Now, conclude please.

SHRI S.S. AHLUWALIA: I am concluding, Sir.

जिस प्रथा में उन्होंने यह सब बताया, वह खालसा पंथ और सिक्ख धर्म, गुरु नानक देव जी की लगाई हुई फुलवारी है और उसे सिरे चढ़ाया गुरु अर्जुन देव पातशाह जी ने, जो गुरु गोबिन्द सिंह जी के पड़दादा जी थे और जिनको लाहौर में शहीद होना पड़ा था। गुरु गोबिन्द सिंह जी के पिता जी गुरु तेग बहादुर जी थे, जिनको इस दिल्ली के दरबार में शहीद होना पड़ा था, आज जहां पर शीशगंज गुरुद्वारा है। जहां पर यह रकाबगंज गुरुद्वारा है, वहां उनका दाह संस्कार हुआ था। आज जो नॉर्थ ब्लॉक की बिल्डिंग बनी हुई है, यह रकाबगंज गुरुद्वारे की जमीन पर ही बनी हुई है। उस समय सिक्खों से जमीन लेकर ही इसे बनाया गया।

मैं पटना साहब से आता हूं। पटना साहब, गुरु साहब जी का जन्म स्थान है। हमारे धर्म में कभी जाति-पांति का, भाषा का और वेष-भूषा का कोई द्वैत नहीं रखा गया है। वह पटना साहब में, गंगा के किनारे पैदा हुए, सतलुज के किनारे और यमुना के किनारे, आनन्दपुर साहब और पोंटा साहब में उन्होंने अपना सारा काम किया और जब देह त्यागने का समय आया तो वह महाराष्ट्र के नांदेड में गंगा की बहन गोदावरी के किनारे चले गए। तो बात सीधी सी है कि इस के पहले पूर्व पुरुषों ने जब भारतीय समाज कमजोर हो रहा था, हमलावर हमारे ऊपर चढ़ रहे थे क्योंकि हम जाति और धर्म के नाम पर बंटे हुए थे, इसलिए ये हमलावर बाहर से आकर हमारे ऊपर राज कर रहे थे, तब यह कदम उठाया। महोदय, आज भी हम कभी इस देश या उस देश को गाली निकालते हैं कि वह अपना आधिपत्य जमाना चाहता है। नही, कोई आधिपत्य नहीं जमाना चाहता बल्कि हम खुद को दिन-प्रति-दिन कमजोर कर रहे हैं और अगर हम ताकतवर होना चाहते हैं तो पहले समाज में वह concept लाइए। अगर compulsory voting करनी है तो कैसे करना है, क्यों करना है और उसका लक्ष्य क्या है? उसका लक्ष्य यह है कि जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, धर्मनिरपेक्षता और क्षेत्रीयतावाद के नाम पर जो समाज बंटा है, उसे इकट्ठा करना है। महोदय, 8 लाख पोलिंग स्टेशंस पर 67 करोड़ मतदाता हैं, लेकिन हम उन को अभी तक फोटो आइडेंटिटी कार्ड नहीं दे सके हैं। गिल साहब ध्यान दीजिए, अभी तक हम सब को फोटो आइडेंटिटी कार्ड नहीं दे सके हैं। मैं मेंबर ऑफ पार्लियामेंट हूं, लेकिन मेरा फोटो आइडेंटिटी कार्ड नहीं है। मैंने आज तक जितने चुनाव राज्य सभा के लड़े हैं, हर बार मैंने सर्टिफाइड कॉपी पेश की है। जब मेरा फोटो आइडेंटिटी कार्ड नहीं बन सका तो गरीबों का क्या बनेगा? तो जब ये मतदाता 8 लाख पोलिंग बूथ पर पहुंचेंगे, उसके लिए व्यवस्था करेंगे, सब लोगों को कहेंगे कि वोट डालने जाओ, तब हम वाकयी एक सबल, सशक्त भारत बना सकेंगे। आज लोग टी.वी. पर, अखबार में, सरे बाजार में या किसी भी सोशल फंक्शन में criticise करते हैं कि ऐसा एम.एल.ए./एम.पी. चुन लिया। अरे भाई, आप वोट डालने क्यों नहीं जाते हो? आप ऐसा क्यों चुनते हो, अच्छा एम.एल.ए./एम.पी. चुनो। सुप्रीम कोर्ट रोज कहता है कि इतने क्रिमिनल्स हैं, इतने गलत लोग हैं, इतने भ्रष्टाचारी हैं। अरे भाई भ्रष्टाचारी मत चुनो, दुराचारी मत चुनो, व्यभिचारी मत चुनो, सदाचारी चुनो। अब सदाचारी प्रतिनिधि चुनने के लिए जो नियम अपनाने की जरूरत है, उसके लिए सब से पहले compulsory voting की व्यवस्था लाओ और compulsory voting के लिए पहले infrastructure दो। आप पब्लिक सेक्टर में कहते हैं कि जिस दिन वोट डाले जाएंगे उस दिन की छुट्टी रहेगी और उस दिन की तनख्वाह मिलेगी, किंतु जिस देश में 70 फीसदी लोग unorganized sector में नौकरी करते हैं, उसको जमींदार क्या उस दिन छुट्टी करने पर पगार देगा? क्या सरकार अपनी तरफ से उन hand to mouth लोगों को उस दिन का पैसा देगी? क्या उस का प्रावधान हमारे

पास है? अगर नहीं है, तो क्या ऐसा करने की हमारे पास ताकत है? इन सारी चीजों पर भी सोचने की जरूरत है।

इसलिए मैं समझता हूं कि यह विधेयक जिसे हमारे विद्वान मित्र ने बड़े परिश्रम से तैयार किया है और बहुत कुछ सदन के सामने रखा है। हमने उसकी हौसला अफज़ाई करने के लिए कहा है क्योंकि मुझे पता है कि इन्होंने जब 17 दिसंबर, 2004 को यह विधेयक रखा था, तब इन के दिमाग में यह बात नहीं थी जो मैं कह रहा हूं। इन के दिमाग में shining India था और shining India को सामने रखकर, अखबारों के pre poll और exit poll को सामने रखकर कहा था। मैं कहता हूं वह गलत था। यदि आप वाकयी एक सशक्त भारत की कल्पना करते हैं तो इस रास्ते को, जो मैंने आप को बताया है, उसे अपनाइए। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J KURIEN): Thnak you Ahluwaliaji. Now, I would like to take the sense of the House. We can continue the discussion on the next day. If the House agrees, we can adjourn.

SOME HON. MEMBERS: We agree.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J KURIEN): So, all of you agree. Therefore, the House stands adjourned till 11.00 A.M. on Wednesday, the 29th August, 2007.

The House then adjourned at twenty-four minutes past five of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 29th August, 2007.